CS (Main) Exam,2021

वियोज्य *DETACHABLE*

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

# ECONOMICS (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे*<br>*Time Allowed : Three Hours* | *अधिकतम अंक : 250*<br>*Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

ग्राफ/विशदीकरण, जहाँ जरूरी हो, प्रश्न के साथ ही उत्तर देने के लिए निर्दिष्ट जगह पर ही अंकन करना/देना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) सन्तुलन में स्थिरता के मार्शलियन तथा वालरासियन दृष्टिकोण की तुलना करें एवं अन्तर प्रदर्शित करें ।
Compare and contrast Marshallian and Walrasian approaches of the stability in equilibrium. 10

1.(b) सामान्यीकृत लारेंज प्रभुत्व का प्रयोग करते हुए दर्शाइए कि निम्नतर असमानता एक उच्चतर सामाजिक कल्याण की स्थिति को व्यक्त करती है ।
Using generalised Lorenz dominance show that lower inequality represents a higher social welfare state. 10

1.(c) व्यापार चक्र एवं स्वायत्त-व्यय में परिवर्तन के मध्य स्थित सम्बन्ध का परीक्षण कीजिए ।
Examine the relationship between business cycle and changes in autonomous expenditure. 10

1.(d) क्या सरकारी-उधार निजी-निवेश के होने को सदैव रोकता है ? उदाहरण देकर समझाइए ।
Does government borrowing always crowd out the private investment ? Illustrate. 10

1.(e) यदि सरकार अनुपाती कर की दर को घटा दे तो IS वक्र अधिक खड़ी ढाल वाला हो जायेगा किन्तु यदि एकमुश्त कर का स्तर घटाया जाये तो IS वक्र का ढाल परिवर्तित नहीं होगा । सत्य अथवा असत्य ? समझाइए ।
The slope of the IS schedule will become steeper if the government reduces the rate of proportional tax but will not change at all if the government reduces the level of a lump sum tax. True or false ? Explain. 10

2.(a) कुर्नो के सजातीय उत्पाद द्वयाधिकार मॉडल तथा विभेदीकृत-उत्पाद द्वयाधिकार मॉडल की भिन्नताओं की व्याख्या कीजिए ।
Explain the differences between Cournot model of duopoly with similar product and differentiated product. 15

2.(b) व्याकुंचित माँग वक्र में किस प्रकार का अनुमान शामिल है ? आपके अनुसार क्या व्याकुंचित माँग वक्र मॉडल अल्पाधिकार बाजार में एक कीमत-निर्धारण का मॉडल है ? अपने उत्तर को उचित सिद्ध कीजिए ।
What type of conjecture is involved in the existence of kinked demand curve ? Do you think that kinked demand curve model is a price determination model in an oligopoly market ? Justify your answer. 5+10

2.(c) परीक्षण कीजिए कि रिकार्डो की व्यवस्था में लाभ, मजदूरी एवं लगान, आय के स्तर की गतिशीलता के साथ किस प्रकार भिन्न भिन्न तरह से गतिशील होते हैं ।
Examine how profit, wage and rent in Ricardian system move differently with the movements in level of income. 20

3.(a) दर्शाइए कि निहित प्रत्याशा (अन्डरलाइंग एक्सपैक्टेशन) में भेद, कीन्सियन एवं क्लासिकल समग्र पूर्तिवक्र में भेद उत्पन्न करते हैं ।
Show that differences in underlying expectation lead to differences in Keynesian and classical aggregate supply curve. 15

3.(b) तरलता-पसन्दगी सिद्धान्त का प्रयोग करते हुए व्याख्या कीजिए कि मुद्रा-पूर्ति में वृद्धि ब्याज-दर को क्यों कम कर देती है । इस व्याख्या में कीमत-स्तर के प्रति क्या धारणा बनायी गयी है ?
Apply the theory of liquidity preference to explain why an increase in money supply lowers the interest rate. What does this explanation assume about the price level ? 15

3.(c) कीन्स की मुद्रा की अपेक्षी माँग की कमियाँ प्रतिगामी प्रत्याशा मॉडल में किस प्रकार चिह्नित की गई है, व्याख्या कीजिए ।

Explain how the weaknesses of Keynesian speculative demand for money have been identified in Regressive Expectations model. 20

4.(a) श्रम-बाजार को सन्तुलित मानते हुए, प्रत्याशायें पूर्ण न होने की दशा में, लूकस का अल्पकाल समग्र-पूर्ति वक्र व्युत्पन्न कीजिए । प्रत्याशाएं पूर्ण होने पर इस वक्र का स्वरूप क्या होगा ?

Derive short-run aggregate supply curve following Lucas, when expectations are not realised, assuming that labour market clears. What will be its shape when expectations are fulfilled ? 10+5

4.(b) उच्च-शक्ति मुद्रा-पूर्ति सिद्धान्त का संक्षेप में वर्णन कीजिए । इस सिद्धान्त के निर्माण में प्रयुक्त मान्यताओं को बताइए ।

Describe high powered theory of money supply in brief. State the assumptions made in its construction. 8+7

4.(c) आपके विचार से क्या सार्वजनिक उधार द्वारा सरकारी व्यय में वृद्धि एवं साथ ही वांछित-आरक्षण-अनुपात कम होने से अर्थव्यवस्था में मंदी की स्थिति उत्पन्न होती है ? निम्न परिस्थितियों में समझाइए :

(i) एक बन्द अर्थव्यवस्था में स्थिर विनिमय दर के साथ ।
(ii) एक खुली अर्थव्यवस्था में स्थिर विनिमय दर एवं बिना किसी पूंजी-गतिशीलता के साथ ।

Do you think that increase in Government spending through borrowing from public accompanied by fall in required reserve ratio generates recession in the economy ? Illustrate your answer :

(i) in a closed economy with fixed exchange rate.
(ii) in an open economy with fixed exchange rate and without any capital mobility. 20

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए ।

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5.(a) आर्थिक-अविकास एक विशाल समन्वय की असफलता का परिणाम है । रोजेन्स्टीन-रोडां के इस दृष्टिकोण की व्याख्या कीजिए ।

Explain Rosenstein-Rodan's view that economic underdevelopment is the outcome of a massive coordination failure. 10

5.(b) लिंग संवेदनशील मानव विकास सूचकांक किस प्रकार निर्मित किया जा सकता है, व्याख्या कीजिए ।

Explain how gender sensitive human development index can be constructed. 10

5.(c) दर्शाइए कि आच्छादित ब्याज दर समानता स्थापित करने के लिये आर्थिक एकीकरण एक पूर्वापेक्षा है ।

Show that the economic integration is the pre-requisite to establish covered interest rate parity. 10

5.(d) वास्तविक विनिमय दर किस दशा में 'व्यापार की शर्त्त' की पर्याय होती है ? चर्चा कीजिए ।

Under what condition Real Exchange Rate is synonymous to 'terms of trade' ? Discuss. 10

5.(e) क्या आप इस से सहमत हैं कि ऊर्जा का धारणीय उपयोग आर्थिक धारणीयता को सुनिश्चित करता है ? व्याख्या कीजिए ।

Do you agree whether sustainable use of energy ensures economic sustainability ? Explain. 10

6.(a) कुजनेट्स की आय वितरण उल्टे U आकार वक्र परिकल्पना का मूल्यांकन कीजिए । क्या यह (परिकल्पना) अल्पविकसित देशों के लिये भी सत्य है ?

Evaluate Kuznets' inverted U shaped curve hypothesis of income distribution. Does it hold good for less developed countries as well ? 15

6.(b) क्या मानव-पूंजी आर्थिक वृद्धि का कारण है ? स्पष्ट कीजिए कि मानव-पूंजी-निर्माण को कैसे बढ़ाया जा सकता है ।

Does human capital cause economic growth ? Explain how human capital formation can be enhanced. 15

6.(c) स्पष्ट कीजिए कि हैरड की बांछित वृद्धि दर एवं डोमर की आवश्यक वृद्धि दर समान हैं । सोलो ने हैरड-डोमर वृद्धि मॉडल को किस प्रकार उन्नत किया है ?

Explain how Harrod's warranted rate of growth is similar to Domar's required rate of growth. How has Solow improved upon Harrod-Domar's growth model ? 20

7.(a) उपयुक्त उदाहरणों का उपयोग करते हुए अन्तर्राष्ट्रीय-व्यापार में अर्जित-लाभ के सिद्धान्त की चर्चा कीजिए ।

Discuss the theory of acquired advantage in international trade using suitable examples. 15

7.(b) क्या आप के विचार से रुपये के मौद्रिक-विनिमय दर की गतिशीलता, विदेशी वस्तुओं की तुलना में भारतीय वस्तुओं की गतिशीलता को परिलक्षित करती है ? अपनी स्थिति को स्पष्ट कीजिए ।

Do you think that movement of the nominal exchange rate of Rupee represents a corresponding movement of Indian goods vis-á-vis foreign goods ? Explain your position. 15

7.(c) व्यापार-खण्डों की विभिन्न श्रेणियाँ क्या हैं ? क्या व्यापार-खण्ड अल्पविकसित अर्थव्यवस्थाओं के हित में हैं ? अपने उत्तर को उचित सिद्ध कीजिए ।

What are the different categories of trade blocks ? Are trade blocks beneficial to less developed economies ? Justify your answer. 20

8.(a) यदि सरकार श्रम-आय एवं ब्याज-आय पर कर बढ़ा देती है तो स्पष्ट कीजिए कि सम्भाव्य-सकल-घरेलू-उत्पाद एवं आर्थिक-वृद्धि किस प्रकार प्रभावित होंगे ।

If the government raises taxes on labour income and interest income, explain how potential GDP and economic growth are affected. 15

8.(b) एक निजी अभिकरण (एजेन्सी) के द्वारा पूर्व से कमतर कीमत पर सार्वजनिक-सेवा को उपलब्ध कराने के निम्न पर क्या प्रभाव होंगे, व्याख्या कीजिए ।

(i) एक बन्द अर्थव्यवस्था स्थिर मजदूरी के साथ

(ii) एक बन्द अर्थव्यवस्था परिवर्तनशील मजदूरी के साथ

Examine the effects of providing public service by a private agency at a lesser price than earlier one on

(i) a closed economy with fixed wages.

(ii) a closed economy with flexible wages. 15

8.(c) ऐरो के सिद्धान्त की बुकानन द्वारा की गई आलोचना क्या है ? दर्शाइए कि ए. के. सेन ने किस प्रकार बुकानन की आलोचना से बचने के लिये, सामाजिक-चयन की समग्र-स्थिरता की सहायता के बिना ही ऐरो के सिद्धान्त को सिद्ध किया है ।

What is Buchanan's criticism of Arrow's theorem ? Show how A. K. Sen proved Arrow's theorem without the overall consistency of social choice to avoid the criticism of Buchanan. 8+12

---